# विदिशा के 6 युवकों ने एक युवक को रॉड से पीटा

▸ हाईवे पर कार अड़ाकर रोका, रायसेन ले जाकर फेंका

नवभारत न्यूज

**सलामतपुर, 13 जुलाई. भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे 18 पर पुरानी रंजिश के चलते एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है. यहाँ विदिशा के रहने वाले 6 युवकों ने एक बाइक सवार युवक का रास्ता रोका और लोहे की रॉड व डंडों से उस पर जानलेवा हमला कर दिया.**

वे लहूलुहान पीड़ित को अपनी कार में पटककर रायसेन ले गए और वहाँ फेंक दिया. गंभीर रूप से घायल युवक को रायसेन जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है, जहाँ उसकी



हालत नाजुक बनी हुई है. पुलिस ने सभी 6 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है.

**सब्जी बेचने को लेकर चल रहा था विवाद-** पीड़ित युवक की पहचान पवन खटीक पिता मोहन खटीक, निवासी कुम्हार गली, ढलकपुरा (थाना कोतवाली, विदिशा) के रूप में हुई है. अस्पताल में भर्ती पवन ने बताया कि आरोपियों से उसका काफी समय से सब्जी बेचने को लेकर विवाद चल रहा है. घटना के दिन वह विदिशा से मोटरसाइकिल द्वारा अपनी बहन के घर भोपाल जा रहा था. इसी दौरान रास्ते में सलामतपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत फैक्ट्री चौराहे के पास आरोपियों ने हमला कर दिया.

**पुराने रंजिश को लेकर किया हमला**

फरियादी के अनुसार, जब वह फैक्ट्री चौराहे के पास पहुंचा, तभी एक सफेद रंग की कार बाइक के आगे अड़ाकर उसे रोक लिया. कार में राकेश खटीक, शिवा खटीक, साहिल खटीक और राज खटीक सवार थे. कार से उतरते ही उन्होंने गालियां देना शुरू कर दिया और लोहे की रॉड व डंडों से हमला कर दिया. कुछ ही देर में उनके दो अन्य साथी (अमन खटीक और आकाश खटीक) भी वहाँ पहुँच गए और उन्होंने भी बेरहमी से मारपीट की. इस हमले में पवन के दोनों पैरों में फ्रैक्चर हो गया है और हाथों सहित शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं. मारपीट करने के बाद आरोपी, घायल पवन को अधमरी हालत में अपनी कार में डालकर अपहरण कर ले गए और उसे रायसेन इलाके में ले जाकर फेंक दिया. थाना प्रभारी श्यामराज सिंह सोमवंशी ने बताया फरियादी पवन खटीक की रिपोर्ट पर सभी छह आरोपियों राकेश, शिवा, राज, साहिल, अमन और आकाश के खिलाफ रास्ता रोकने, बेरहमी से मारपीट करने, जान से मारने की धमकी देने सहित अन्य गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है. पुलिस मामले की पूरी विवेचना कर रही है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है.'

# दो कमरों में बैठकर पढ़ रहे हैं 124 बच्चे



▸ गोपीसुर प्राथमिक विद्यालय की बदहाल व्यवस्था उजागर

▸ 11:10 बजे तक दो शिक्षक स्कूल नहीं पहुंचे

नवभारत न्यूज

**रायसेन, 13 जुलाई. शासकीय प्राथमिक शाला गोपीसुर (संकुल खरबई) में शिक्षा व्यवस्था की गंभीर खामियां सामने आई हैं. विद्यालय में 124 विद्यार्थियों के लिए मात्र दो कक्ष उपलब्ध हैं, जबकि स्वीकृत स्टाफ में 5 स्थायी शिक्षक और 1 अतिथि शिक्षक पदस्थ हैं. इसके बावजूद निरीक्षण के दौरान शिक्षकों की अनुपस्थिति और अव्यवस्थित व्यवस्थाओं ने कई सवाल खड़े कर दिए.**

मीडिया द्वारा सुबह करीब 11:10 बजे विद्यालय का निरीक्षण किया गया. इस दौरान शिक्षिका चंद्रकांता वर्मा एवं शिक्षक रत्नेश जैन विद्यालय नहीं पहुंचे थे. उपस्थित स्टाफ ने बताया कि शिक्षक वीर सिंह चौहान अवकाश पर हैं, लेकिन उनके अवकाश आवेदन की पुष्टि नहीं हुई है.

**संकुल प्रभारी ने स्वीकार की लापरवाही-** संकुल प्रभारी डॉ. अजीता तिवारी ने बताया कि ई-अटेंडेंस लागू होने के बाद अधिकांश शिक्षक समय पर आने लगे हैं, लेकिन चंद्रकांता वर्मा की लगातार अनुपस्थिति की शिकायत उन्होंने स्वयं उच्च अधिकारियों से की है. शिकायत के बावजूद स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ है.

**दो कमरों में 124 बच्चों की पढ़ाई-** विद्यालय में केवल दो कमरे होने के कारण आठों कक्षाओं के विद्यार्थियों को समुचित ढंग से पढ़ाना संभव नहीं हो पा रहा है. सीमित स्थान के कारण बच्चों की नियमित पढ़ाई प्रभावित हो रही है और शिक्षण कार्य बाधित हो रहा है.

**ग्रामीणों ने उठाई कार्रवाई की मांग**

ग्रामीणों एवं अभिभावकों का कहना है कि नियमित रूप से शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए, विद्यालय में अतिरिक्त कक्षों का निर्माण कराया जाए तथा बच्चों की सुरक्षा के लिए तत्काल बाउंड्रीवाल बनाई जाए. साथ ही अनुपस्थित शिक्षकों के मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाए.

**जंगल किनारे बना नया भवन, सुरक्षा पर सवाल**

संकुल प्रभारी ने बताया कि पहले विद्यालय गांव के बीच स्थित था, जिससे बच्चों की सुरक्षा को लेकर कोई विशेष समस्या नहीं थी. लेकिन नया विद्यालय भवन गांव से हटकर जंगल किनारे बनाया गया है. सबसे गंभीर बात यह है कि विद्यालय परिसर के चारों ओर बाउंड्रीवाल नहीं है, जिससे आवारा पशुओं एवं बाहरी लोगों के प्रवेश का खतरा बना रहता है. इससे विद्यार्थियों की सुरक्षा को लेकर हमेशा आशंका बनी रहती है.

## एक नजर में



### जनपद पंचायत सीईओ मीणा ने संभाला पदभार

**बेगमगंज, 13 जुलाई.** करीब एक वर्ष से प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) के भरोसे संचालित हो रही जनपद पंचायत बेगमगंज को आखिरकार स्थायी सीईओ मिल गया है. सोमवार को मोग़राज मीणा ने जनपद पंचायत बेगमंज पहुंचकर विधिवत पदभार ग्रहण किया. उनके कार्यभार संभालने से जनपद पंचायत के प्रशासनिक कार्यों में तेजी आने की उम्मीद जताई जा रही है. जारी आदेश के अनुसार, मोहराज मीणा का स्थानांतरण मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत शिवपुरी से मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत बेगमगंज, जिला रायसेन के पद पर किया गया है. कलेक्टर शिवपुरी द्वारा जारी कार्यमुक्ति आदेश के बाद उन्होंने 9 जुलाई को कार्यमुक्त होकर अब बेगमगंज में अपनी सेवाएं शुरू कर दी हैं. उल्लेखनीय है कि जनपद पंचायत बेगमगंज पिछले लगभग एक वर्ष से प्रभारी सीईओ के माध्यम से संचालित हो रही थी. स्थायी सीईओ की पदस्थापना से लंबित विकास कार्यों, प्रशासनिक निर्णयों तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में गति आने की उम्मीद है.

### कारोबारी पर चाकू से जानलेवा हमला

**भोपाल, 13 जुलाई.** बैरागढ़ इलाके में एक कारोबारी पर सोमवार को दिनदहाड़े जानलेवा हमला हो गया. दो बदमाशों ने चाकू से वार करते हुए जान लेने की कोशिश की. घायल अवस्था में कारोबारी ने भागकर खुद को बचाया. घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया. हमलावर मौके से भाग निकले. सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस बदमाशों की पहचान करने में जुट गई है. जानकारी के अनुसार कारोबारी नीरज जिनयानी सेवा सदन के पीछे मैचिंग सेंटर चलाते हैं. वह अपनी दुकान के बाहर दोपहर के समय स्कूटी पर बैठे थे. इसी दौरान पीछे आए दो अज्ञात बदमाशों ने नीरज की पीठ पर चुपचाप चाकू से हमल कर दिया. चाकू के हमले से घायल नीरज ने अचानक दौड़ लगा दी. इस दौरान मार्केट में अफरा-तफरी का महौल बन गया. मौका पाकर बदमाश वहां से भाग निकले. घायल अवस्था में नीरज को स्थानीय लोगों ने तुरंत अस्पताल पहुंचाया और मामले की सूचना बैरागढ़ थाना पुलिस को दी. मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज निकाले. विडियो फुटेज के आधार पर पुलिस दोनों बदमाशों की पहचान करने में जुटी है.

### गोली चलाने वाले बदमाश पहुंचे जेल

**भोपाल, 13 जुलाई.** मिसरोद थाना पुलिस ने 33 साल के हरीश कुमार राय पर गोली चलाने वाले तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया. पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेजा गया. हमले में घायल का इलाज जारी है. जानकारी के मुताबिक आरोपी हर्षित पटेल (21), अनुभव चौबे (19) और लोकेश रघुवंशी (24) को हरीश पर गोली चलाने के आरोप में जेल भेज दिया गया. रायल होम्स कालोनी में हुई वारदात का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया. मामूली बात को लेकर आरोपियों ने हरीश के साथ पहले मारपीट की. इसके बाद आरोपियों ने हरीश के पास रखी उनकी लाइसेंसी बंदूक से ही उन पर फायरिंग कर दी. दो राउंड़ की फायरिंग में एक गोली हरीश के पैर को छूते हुए निकल गई. घायल अवस्था में हरीश का अस्पताल में इलाज भी जारी है. आरोप है कि हरीश जब देर रात को अपनी बाइक से कालोनी के अंदर जा रहे थे. इस दौरान तीनों आरोपी एक कार लेकर बीच रास्ते में खड़े थे. कार को साइड़ में लगाकर खड़ी करने की बात हरीश ने कही थी. इस बात से नाराज होकर आरोपियों ने मारपीट कर फायरिंग कर दी थी.

# श्री सिद्ध शिवालय धाम के 18 वें स्थापना दिवस पर होंगे कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**बेगमगंज, 13 जुलाई. श्री सिद्ध शिवालयधाम का 18वां स्थापना दिवस एवं भगवान श्री जगन्नाथ रथयात्रा के स्वागत में 16 जुलाई, गुरुवार को श्री सिद्ध शिवालय धाम में विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे.**

आयोजन को लेकर शिवालय धाम समिति द्वारा तैयारियां पूरी कर ली गई हैं. समिति के अनुसार कार्यक्रम का शुभारंभ रात्रि 8 बजे से होगा. इस अवसर पर बाहर से आए सुप्रसिद्ध कलाकारों द्वारा भजन संध्या की प्रस्तुति दी जाएगी. साथ ही संगीतमय सुंदरकांड पाठ, सांस्कृतिक कार्यक्रम, महाआरती एवं प्रसादी वितरण का आयोजन भी किया जाएगा. समिति ने नगर एवं क्षेत्र के श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में सपरिवार शामिल होकर धार्मिक आयोजन का पुण्य लाभ लेने तथा भगवान शिव एवं भगवान जगन्नाथ का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है. आयोजन श्री सिद्ध शिवालय धाम समिति के तत्वावधान में संपन्न होगा.

# पूर्व जज गिरिबाला सिंह की पेशी आज

**भोपाल, 13 जुलाई.** ट्विशा शर्मा मौत के मामले में पूर्व जज गिरिबाला सिंह, उनके बेटे समर्थ की जिला अदालत में मंगलवार को पेशी होगी. अदालत इस मामले में वीडियो कांफ्रेसिंग या कोर्ट में दोनों की मौजूदगी में सुनवाई कर सकती है. ट्विशा के शव के दूसरे पीएम की रिपोर्ट आ चुकी है. मामले में सीबीआई जांच जारी है. गिरिबाला, समर्थ करीब सवा महीने से केंद्रीय जेल में है. कोर्ट ने अब तक न्यायिक हिरासत बढ़ाई है. इससे पहले 30 जून को जिला अदालत ने वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से सुनवाई करते हुए दोनों की रिमांड14 जुलाई तक बढ़ाई थी.

# 6 महीने से वृद्धावस्था पेंशन बंद

▸ दफ्तरों के चक्कर लगा रहा वृद्ध

नवभारत न्यूज

**सलामतपुर, 13 जुलाई. सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाले दीवानगंज क्षेत्र के निवासी वृद्ध गणपत सिंह पिछले छह माह से वृद्धावस्था पेंशन नहीं मिलने के कारण आर्थिक परेशानी का सामना कर रहे हैं. गणपत सिंह का कहना है कि पहले वे मेहनत-मजदूरी कर किसी तरह अपना गुजारा कर लेते थे, लेकिन अब उम्र अधिक होने के कारण नियमित मजदूरी भी नहीं कर पाते.**



ऐसे में वृद्धावस्था पेंशन ही उनके जीवन-यापन का प्रमुख सहारा थी. उन्होंने बताया कि पिछले छह महीनों से पेंशन की राशि उनके खाते में नहीं आई है. इस संबंध में वे कई बार संबंधित कार्यालयों के चक्कर लगा चुके हैं, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया है. गणपत सिंह ने प्रशासन से जल्द पेंशन शुरू कराने की मांग की है. स्थानीय लोगों के अनुसार, सांची विकासखंड में गणपत सिंह अकेले ऐसे हितग्राही नहीं हैं जिनकी पेंशन रुकी हुई है. कई अन्य पात्र वृद्धजन भी पिछले छह महीनों से पेंशन का इंतजार कर रहे हैं. वहीं इस मामले में दीवानगंज पंचायत सचिव रामप्रसाद मालवीय ने बताया कि वृद्धावस्था पेंशन पाने वाले हितग्राहियों की केवाईसी का कार्य किया जा रहा है पंचायत में 63 हितग्राही हैं उनमें से लगभग सबकी केवाईसी हो चुकी है एक दो लोग ही बचे हैं. केवाईसी पूर्ण होने के बाद राशि खाते में आ जाएगी.

# मासूम को लावारिस छोड़ने वालों की तलाश

▸ पुणे रवाना हुई जीआरपी की टीम

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 13 जुलाई. जीआरपी भोपाल की एक टीम लावारिस मासूम बच्ची के परिजन की तलाश में पुणे के लिए रवाना हो गई है. बच्ची को आटो में छोड़ने वाली दो महिला और एक पुरुष सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए हैं. कैमरे में दिख रहे संदिग्धों को भी चिन्हित कर उनकी तलाश की जा रही है. इधर मासूम को गोद लेने के लिए भी लोग आगे आ रहे हैं. बच्ची को एनजीओ के संरक्षण में सुरक्षित रखा गया है.**





जीआरपी थाना प्रभारी जहीर खान ने बताया कि स्टैंड़ पर खड़े आटो में बच्ची को छोड़ने वाली दो महिलाएं और एक पुरूष सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए हैं. बच्ची को जिस महिला ने गोद में लिया था. उसने पुणे जाने की ट्रेन में जनरल टिकट भी लिया. एक पुरुष के साथ महिला को एक दूसरी महिला के साथ स्टेशन पर देखा गया. तीनों की तलाश में जीआरपी की एक टीम पुणे के लिए रवाना हो गई है. मासूम को छोड़कर जाने वाले इन संदिग्धों पर जीआरपी की कड़ी निगरानी बनी है. जहीर खान ने बताया कि बच्ची को किलकारी एनजीओ के संरक्षण में रखा गया है, जहां वह स्वस्थ है. इसके साथ ही बच्ची के स्टेशन परिसर में पाए जाने की सूचना पर कई दंपति कानूनी प्रक्रिया के तहत बच्ची को गोद लेने की भी मांग कर रहे हैं. फिलहाल जीआरपी का पूरा फोकस बच्ची के परिजनों की तलाश में बना हुआ है. आखिर क्या वजह रही की महिला को बच्ची को लावारिस हालत में छोड़कर पुणे जाने वाली ट्रेन पकड़नी पड़ी. जीआरपी भोपाल पूरे मामले की जांच में जुटी है.

# मंडी की समस्याओं के निराकरण की मांग रखी

▸ व्यापारी संघ ने किया कृषि मंडी भारसाधक का अभिवादन

नवभारत न्यूज

**बेगमगंज, 13 जुलाई. कृषि उपज मंडी समिति की भारसाधक व एसडीएम प्रियंका भलावी का सोमवार को अनाज, दलहन, तिलहन व्यापारी संघ के द्वारा अभिवादन किया गया और कृषि उपज मंडी में व्याप्त समस्याओं और व्यापारियों, किसानों को सुविधाएं उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया.**

सोमवार को व्यापारी संघ के अध्यक्ष संजय मुणोत, धर्मेंद्र जैन,



सुरेश राय, प्रवीण जैन इत्यादि ने कृषि उपज मंडी समिति की भारसाधक अधिकारी व एसडीएम प्रियंका भलावी का पुष्पगुच्छ से अभिवादन किया.

इसके साथ ही कृषि मंडी प्रांगण में व्यापारियों के सेड के लिए स्थान आवंटन एवं अन्य समस्याओं के संबंध में उन्हें अवगत कराते हुए व्यापारियों सहित किसानों के हित में सुझाव देते उन पर अमल करने की गुहार लगाई. भारसाधक अधिकारी भलावी ने व्यापारियों के प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया कि व्यापारियों एवं किसानों के हित में जो भी काम होगा उसे जरूर पूरा कराया जाएगा.

# युवती के साथ पिटाई का वीडियो वायरल, पुलिस कर रही जांच

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 13 जुलाई. राजधानी में एक युवती पर चोरी का आरोप लगाते हुए उसके के साथ मारपीट का कथित वायरल विडियो सामने आया है. वायरल वीडियो न्यू मार्केट टीटी नगर का बताया जा रहा है. हालांकि वीडियो को लेकर पुलिस की तरफ से फिलहाल आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है. टीटी नगर थाना पुलिस वायरल वीडियो को लेकर जांच कर रही है.**

विडियों को लेकर बताया जा रहा है कि एक युवती रविवार को दोपहर, जब न्यू मार्केट के अंदर



पहुंची थी. इस दौरान कुछ महिलाओं ने युवती पर चोरी का आरोप लगाकर उसे पकड़ लिया. इस दौरान युवती के साथ मारपीट करने का भी आरोप सामने आया है. वायरल विडियो के सामने आने के बाद टीटी नगर थाना पुलिस जांच में जुट गई है.

**आरोप** ▸ एसडीएम को ज्ञापन देकर रास्ता खुलवाने की मांग

# सरकारी रास्ते पर किया जा रहा अवैध निर्माण

नवभारत न्यूज

**बेगमगंज, 13 जुलाई. ग्राम पंचायत ध्वाज के अंतर्गत ग्राम जमुनिया गोंडाखोह में एक दबंग व्यक्ति द्वारा सरकारी आम रास्ते पर पक्का भवन निर्माण कर रास्ता अवरुद्ध किए जाने के विरोध में ग्रामवासियों ने लामबंद होकर सरपंच के नेतृत्व में एसडीएम प्रियंका भलावी को ज्ञापन देकर निर्माण कार्य रुकवाकर आम रास्ता खुलवाने की गुहार लगाई है.**

सरपंच रणधीर सिंह के



नेतृत्व में चंद्रभान सिंह, ओमप्रकाश, माधोसिंह, ख़िलानसिंह, तुलसीराम, ब्रजेश लोधी, मनोहर लोधी, अजबसिंह, चन्दनसिंह, बेनीप्रसाद, नारायणसिंह, अजब सिंह सहित करीब 50 -60 लोगों ने बेगमगंज आकर दिए गए एसडीएम को दिए गए ज्ञापन में बताया है कि जमुनिया गोंडाखोह में उदयराम पिता हरप्रसाद द्वारा सड़क के पीछे से बने अपना कच्चे मकान को तोड़कर बहुत चौड़ी सड़क को दबाते हुए अवैध कब्जा कर पक्का भवन निर्माण कराया जा रहा है. जिससे उक्त मार्ग सकरा होने से ट्रैक्टर - ट्रॉली, जीप, जेसीबी या एम्बुलेंस जैसे वाहनों का निकलना बंद हो जाएगा और गांव सहित आगे के गांवों वालों को भी आवागमन में भारी परेशानी होगी. उन्होंने मांग की है कि निर्माणाधीन भवन का काम रुकवाकर सरकारी आम रास्ता पर से उसका अतिक्रमण हटवाकर खुलवाया जाए. एसडीएम प्रियंका भलावी ने ग्रामवासियों की मांग पर तत्काल तहसीलदार प्रमोद उइके को उक्त निर्माधीन कार्य को रुकवाकर अतिक्रमण हटवाने के निर्देश दिए हैं.

# किशोरों के स्वास्थ्य पर प्रशिक्षण शिविर

नवभारत न्यूज

बेगमगंज, 13 जुलाई. **महिला एवं बाल विकास परियोजना द्वारा राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया. शिविर में प्रशिक्षण सिविल हॉस्पिटल, बेगमगंज के राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के परामर्शदाता अमित शर्मा (एफपीएआई भोपाल संस्था) द्वारा दिया गया.**

प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षक अमित शर्मा के द्वारा राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम की प्राथमिकताओं के अंतर्गत किशोर-किशोरियों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य, पोषण,



एनीमिया की रोकथाम, व्यक्तिगत स्वच्छता, नशामुक्ति, प्रजनन एवं यौन स्वास्थ्य सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई. साथ ही कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन एवं समुदाय स्तर पर किशोर स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता बढ़ाने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया. प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रभारी परियोजना अधिकारी संगीता ठाकुर, सुपरवाइजर सुमनलता शर्मा, सीमा एक्का, वसीम अली, सोमप्रकाश राहंगडाले (पोषण अभियान) जिला समन्वयक शुभम पटेल सहित महिला एवं बाल विकास विभाग की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रहीं. प्रभारी अधिकारी संगीता ठाकुर ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य किशोर-किशोरियों के समग्र स्वास्थ्य एवं विकास को बढ़ावा देते हुए कार्यकर्ताओं की क्षमता का विकास करना रहा.